रबर के उत्पादन, मांग में तेजी



नई दिल्ली ◆ भारत में नेचुरल रबर का उत्पादन पिछले साल के मुकाबले इस साल की समान अवधि में चार फीसदी बढ़कर 59,200 टन हो गया जबकि मांग छह फीसदी बढ़कर 80,500 टन हो गया। रबर बोर्ड द्वारा जारी किए आंकड़ों के अनुसार, बीते साल की समान अवधि में उत्पादन 56,850 टन और मांग 75,450 टन रह गया था। मई की तुलना में जून में नेचुरल रबर के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई। मई में रबर का उत्पादन 59,700 रुपये से घटकर जून में 59,200 रह गया। मई की तुलना में जून में नेचुरल रबर की खपत में भी आंशिक गिरावट दर्ज की गई। यह 81,000 टन से घटकर 81,000 टन रह गया। (एजेंसी)